# SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA
**Hindi 2nd Language 2026-27**

**Name: -** ________________ **Std.: - V -** ______
**Roll No.: -**______ **Worksheet No. PA-2** **Date: -** ______

**पाठ- ४, ५ व्याकरण :** पाठ-३ शब्द रचना, पाठ -१२ शब्द भंडार(पर्यायवाची शब्द), **पाठ-१४** विराम चिह्न

**अपठित गद्यांश**

रवि प्रतिदिन विद्यालय जाते समय रास्ते में एक खाली मैदान से गुजरता था। कुछ लोगों ने वहाँ कूड़ा-कचरा फेंका हुआ था। जिससे आसपास गंदगी फैल गई थी और दुर्गंध भी आती थी। एक दिन रवि ने अपने मित्रों से कहा कि क्यों ना हम सब मिलकर इस स्थान को साफ़ कर देते हैं, तो यह फिर से सुंदर बन जाएगा। अगले रविवार को उसके सभी दोस्त झाड़ू, कूड़ेदान, दस्ताने इत्यादि लेकर उस मैदान पर पहुँचे। उन्होंने पूरे मैदान की सफ़ाई की और वहाँ कुछ पौधे भी लगाए। आसपास के लोगों ने उनकी मेहनत देखकर उनकी तारीफ की और उनका साथ भी दिया। अब मैदान साफ़ -सुथरा और हरा -भरा हो गया। अब लोग वहाँ टहलने आने लगे और बच्चे वहाँ खेलते ,सभी लोगों ने महसूस किया कि यदि हम अपने आसपास सफ़ाई रखें तो पूरा समाज साफ़, सुंदर और स्वस्थ रहेगा।

**प्रश्न-1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

क) मैदान गंदा क्यों हो गया था?

मैदान के आसपास कूड़ा-कचरा फैला था इसलिए मैदान गंदा हो गया था।

ख) रवि ने अपने मित्रों से क्या कहा?

रवि ने अपने मित्रों से मैदान साफ़ करने को कहा।

ग) अर्थ लिखिए -

१) बदबू - दुर्गंध २) रोजाना - प्रतिदिन

घ) वर्ण विच्छेद कीजिए : मैदान - म् + ऐ + द् + आ + न् + अ

**(पाठ्य पुस्तक)**

**प्रश्न-2 नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए-**

1) अभिनय - नाटक
2) श्रम - मेहनत
3) चौकसी - पहरेदारी
4) व्यर्थ - बेकार
5) संपत्ति - धन
6) यत्न - प्रयास
7) मूल्यवान - कीमती
8) आगवानी - स्वागत

**प्रश्न-3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

1) सदा समय को खोने वाला पछताता है।
2) हर पल समय का लाभ उठाना चाहिए।
3) गुलीवर ने राजा से स्वदेश जाने की अनुमति माँगी।
4) लिलिपुटवासियों ने गुलीवर के खाने में नींद की गोलियाँ मिला दी।

**प्रश्न-4 सही(✓) या गलत (×) का निशान लगाइए -**

1) गुलीवर लिलिपुट में ही बस गया था। ( ✗ )
2) गुलीवर ने लिलिपुट के लोगों की मदद की। ( ✓ )
3) बापू को समय की कीमत थी। ( ✓ )
4) हमें समय को बर्बाद करना चाहिए। ( ✗ )

प्रश्न-5 एक या दो शब्दों में उत्तर लिखिए:-

क) पढ़ने से क्या मिलती है? विद्या

ख) लिलिपुटवासी क्या बनाने में निपुण थे? जहाज़

ग) गुलीवर को क्या करना अच्छा लगता था? यात्राएँ

घ) गाड़ी को खींचकर कहाँ तक लाया गया? राजमहल

(व्याकरण)

प्रश्न-6 दिए गए शब्दों को जोड़कर यौगिक शब्द बनाइए।

1) पुस्तक + आलय = पुस्तकालय

2) विद्या + आलय = विद्यालय

3) वर्ण + माला = वर्णमाला

4) जल + पान = जलपान

5) गृह + कार्य = गृहकार्य

6) राज + पथ = राजपथ

7) वन + वासी = वनवासी

8) सूर्य + उदय = सूर्योदय

9) हिम + आलय = हिमालय

प्रश्न-7 तद्भव व तत्सम शब्दों के सही जोड़े बनाकर लिखिए।

| तत्सम शब्द | तद्भव शब्द | जवाब |
|---|---|---|
| 1. अग्नि | क) घोड़ा | अग्नि - आग |
| 2. कपोत | ख) गाँव | कपोत - कबूतर |
| 3. ग्राम | ग) कबूतर | ग्राम - गाँव |
| 4. स्वर्ण | घ) नाक | स्वर्ण - सोना |
| 5. घोटक | ङ) आग | घोटक - घोड़ा |
| 6. नासिका | च) मोर | नासिका - नाक |
| 7. मयूर | छ) सोना | मयूर - मोर |

प्रश्न-8 नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

1. जंगल - वन, कानन

2. गणेश - लंबोदर, एकदंत

3. सूर्य - सूरज, रवि

4. पृथ्वी - धरती, भूमि

5. आकाश - नभ, गगन

6. अग्नि - आग, पावक

7. कमल - जलज, पंकज

8. नदी - सरिता, तटिनी

प्रश्न-9 नीचे दिए गए वाक्यो को पहचान कर बताइए, कौन-से विराम चिहृन का प्रयोग होगा।

1. वाक्य के अंत में पूर्णविराम चिहृन

2. शब्द युग्म के बीच में योजक चिहृन

3. प्रश्न पूछने के अंत में प्रश्नवाचक चिहृन

4. वाक्य में थोड़ा रुकने के लिए अल्प विराम

प्रश्न-10 विराम चिहृन लगाकर वाक्य दोबारा लिखें:-

क) सुभाष ने कहा था दिल्ली चलो — सुभाष ने कहा था, "दिल्ली चलो।"

ख) हाय मैं अब कहाँ जाऊँ — हाय! मैं अब कहाँ जाऊँ?

ग) हमारे देश का नाम भारतवर्ष है — हमारे देश का नाम भारतवर्ष है।

घ) आप कहाँ जा रहे हो — आप कहाँ जा रहे हो?

ङ) डॉ कलाम एक महान व्यक्ति थे — डॉ. कलाम एक महान व्यक्ति थे।